# हो चालो चालो जी मेहंदीपुर बाबा संकट काटै जी

हो चालो चालो जी मेहंदीपुर बाबा संकट काटै जी
हो बाला संकट काटै जी, हो बाबा संकट काटै जी

प्यारा बालाजी का धाम सारे सिद्ध हो जाते काम
तेरा कोड़ी लगै ना दाम जपले बालाजी का नाम
हो मेरे बालाजी के दर पै दुनिया चक्कर काटै जी

बालाजी की महिमा भारी लाखो आते नर और नारी
राजा हो या चाहे भिखारी कटते संकट बारी बारी
हो पाप पुण्य के पर्चे न्यारे न्यारे छाटै जी

संकट मोचन मंगलकारी मेरे बालाजी बलकारी
संकट हो कितना भी भारी पल मैं देते काट बीमारी
हो बाबा के सोटे आगै भूता की किलकी पाटै जी

बालाजी के अजब नज़ारे बाबा करते वारे न्यारे
जो भी आता इनके द्वारे अन्न धन से भरते भंडारे
आजा भीम सैन बाबा तेरे भी साटे साटै जी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18133/title/ho-chaalo-chaalo-ji-mehndipur-baba-sankat-kaate-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |